MANAV MANDIR FOUNDATION

INDORE

## सेवा ही धर्म है

**ज्ञान सबसे शक्तिशाली हथियार है
जिससे आप पूरी दुनिया बदल सकते हैं।**

एक पारमार्थिक ट्रस्ट है

# मानव मन्दिर फाउन्डेशन

रजिस्ट्रेशन नं: 1178

पता: 201-202 जे.वी कॉम्प्लेक्स, 2/13, रेसकोर्स रोड,
अभय प्रशाल के सामने, इन्दौर - 452003 (म.प्र.)

मो.: 93007 29891, 92014 69577 फोन नं: 0731 3013060

E-mail: manavmandir44@gmail.com
Website: www.manavmandirfoundation.in

## मानव मंदिर फाउन्डेशन

# स्वास्थ्य व शिक्षा हमारा मिशन

**महोदय,**

मानव सेवा जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य होता है और शिक्षा दान सर्वोपरि दान। यही मूल मंत्र है मानव मंदिर फाउन्डेशन का। मानव सेवा को धर्म मानते हुए संस्था द्वारा निर्धन और असहायों के स्वास्थ्य व शिक्षा हेतु कई गतिविधियाँ निरंतर संचालित की जा रही है। संस्था ज़रुरतमंदो के जीवन को बेहतर बनाने हेतु प्रतिबद्ध है।

मानव मंदिर फाउन्डेशन इन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी को पूरा करने में योगदान दे रहा है। साथ ही पूरी कर्मठता के साथ सामाजिक कार्यों में संलग्न है, जिसमें स्वास्थ्य, शिक्षा, अनाथ आश्रम, बाल आश्रम, वृद्धाश्रम जैसे विभागों में कार्य किये गये हैं। संस्था सिर्फ ऐसी जगह अपनी सेवाएं प्रदान करती है, जहाँ सरकार द्वारा गरीबों के लिए कार्य में कमी पाई जाती है।

संस्था द्वारा महाराजा यशवंतराव हॉस्पिटल (एम.वाय अस्पताल) इन्दौर में डायलिसिस मशीनें उपलब्ध कराई गई, जिसके द्वारा गरीब मरीजों का नि: शुल्क डायलिसिस किया जाता है। इसके अलावा संस्था ने बर्न यूनिट का जीर्णोद्धार (नवीनीकरण) किया।

इन्हीं उद्देश्यों के चलते 416 सरकारी विद्यालयों का सर्वे कराया गया, जिसके अन्तर्गत शिक्षा के क्षेत्र में भी संस्था ने कार्य प्रारंभ कर दिए हैं। संस्था का मुख्य ध्येय है इन सरकारी (प्रायमरी एवं मिडिल) स्कूलों में पढ़ रहे 45500 बच्चों को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाना। हमें आशा है हमारा प्रयास इन बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

*आपका मानव मंदिर फाउन्डेशन*



# हमें है विश्वास...

## बेहतर कल के लिए आज ही होगी शुरुआत

आज सरकारी स्कूलों की जो तस्वीर है वो बेहद ही निराशाजनक है। लेकिन हमें पूरी आशा है कि जब आप भी हमारे मिशन में साथ होंगे तो यह तस्वीर ज़रुर बदलेगी। तो आइए, अभी से इस तस्वीर में नए रंग भरते हैं, ताकि इन स्कूलों को नव जीवन और बच्चों को बेहतर कल मिले।

**आज की तस्वीर ....**

**सुनहरे कल की उम्मीद**

















**विद्यादान के इस यज्ञ में तन-मन-धन से जुड़ें**

"सबसे बड़ा दान शिक्षा दान"

# नन्हें बच्चों की मार्मिक अपील

हम वे नन्हें बालक व बालिकाएं हैं जो कक्षा पहली से आठवीं तक सरकारी नि: शुल्क विद्यालयों में शिक्षा लेते हैं। ऐसे 416 विद्यालयों में हमारी संख्या 45500 है।

हर बच्चे की तरह हमारी आँखों में भी बड़े-बड़े सपने हैं लेकिन हम छोटी-छोटी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित हैं। हम में भी पढ़ने की चाह है, कुछ बनने का जज़्बा है, लेकिन हमारे पास पीने के लिए साफ पानी तक नहीं है। हम भी आसमान छूना चाहते हैं पर हमारे पास बैठने के लिए न साफ ज़मीन है न कुर्सी-टेबल। अपनी किस्मत से संघर्ष करते हुए हम प्रतिदिन विद्यालय पहुँचते हैं लेकिन यहाँ हमें जर्जर छत से टपकते पानी, तो कभी सूरज की तपती धूप से जूझना पड़ता है। कभी बारिश तो कभी पसीने में भीगे, 6-6 घंटों तक अंधेरे कमरों में बैठ हम हर वक्त उजाले की राह देख रहे हैं। आप हमारे लिए वह उजाला ला सकते हैं।

हम बस इतनी आशा करते हैं कि हमारे स्कूल ऐसे हों जहाँ हमारा ध्यान परेशानियों पर नहीं बल्कि पढ़ाई पर हो। हमें यकीन है कि पढ़ लिख कर हम न सिर्फ बेहतर भविष्य पा सकते हैं बल्कि देश के विकास में भी योगदान दे सकते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि आपको भी हमारा ख्याल है और आप हमारी सहायता के लिए ज़रुर हाथ बढ़ाएंगे।

हम आपसे विनती करते हैं कि आप हमारी प्रार्थना को पढ़कर हमें एक उज्जवल भविष्य की ओर ले जायेंगे। फिर चाहे आप एक कक्षा में एक पंखा व ट्यूब लाईट प्रदान करें, एक कक्षा का वॉटर प्रूफिंग करें या बैठने की व्यवस्था प्रदान करें या फिर खाने के बर्तन। ये एक विद्यालय रुपी फूल है, ये आप पर निर्भर है कि चाहे तो पूरा फूल आप ले सकते हैं, नहीं तो पंखुड़ी के रुप में लेकर हमें उज्ज्वल और खूबसूरत भविष्य दे सकते हैं।

**धन्यवाद**

आपके 45500 विद्यार्थी



# संदेश

संस्था ने स्वास्थ एवं शिक्षा के क्षेत्र में पूर्णतः परचम फहराया है।
**– कृष्णमुरारी मोघे, महापौर, इन्दौर**

मानव मंदिर फाउन्डेशन इन्दौर की अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है।
**– संजय दुबे, कमिश्नर, इन्दौर**

मानव मंदिर फाउन्डेशन शिक्षा एवं स्वास्थ के क्षेत्र में अद्भुत कार्य कर रहा है। इनके कार्य को मैं सलाम करता हूँ– **आकाश त्रिपाठी, कलेक्टर, इन्दौर**

मानव मंदिर फाउन्डेशन ने जो एम. वाय अस्पताल के लिये कार्य किये वे सराहनीय हैं।
**– डॉ. पुष्पा वर्मा, डीन एम.जी.एम.मेडिकल कॉलेज, इन्दौर**

''मानव सेवा ही धर्म है'' इस उद्देश्य के साथ यह संस्था बहुत अच्छे कार्य करती है।
**– डॉ. पी.एस. ठाकुर, सुपरीटेंडेंट एम. वाय. अस्पताल, इन्दौर**

मानव मंदिर फाउन्डेशन ने एम. वाय अस्पताल के मरीजों का दर्द महसूस कर उसे दूर करने की कोशिश की है। – **डॉ. सलिल भार्गव, एम.वाय. हॉस्पिटल, इन्दौर**

मैं इस संस्था को धन्यवाद देता हूँ जिसने शिक्षा को सर्वोपरि माना।
**– माधव परांजपे, डायरेक्टर, सत्यसांई विद्या विहार स्कूल, इन्दौर**

मैं भी एक समाजसेवी हूँ और मैं मानव मंदिर फाउन्डेशन के कार्यों को सराहता हूँ और उन्हें धन्यवाद देता हूँ। – **अनिल भण्डारी, समाज सेवी**

मानव सेवा के इस महान यज्ञ में मा.मं.फा. की आहुति के लिए बधाई। मुझे बहुत गर्व है कि लायंस क्लब को मानव मंदिर फाउन्डेशन ने सहयोगी के रुप में लिया।
**– लायन एस.पी. नामदेव, लायंस गवर्नर लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 323 जी**

रोटरी क्लब आपकी संस्था को शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान करने के लिए धन्यवाद देता है। – **नितिन डफरिया, रोटरी गवर्नर, डिस्ट्रिक्ट 3040**

''विद्या ही महादान है'' इस कथन को मानव मंदिर फाउन्डेशन ने सत्य का रुप दिया है।
**– श्री आर.के.शर्मा, प्रेसिडेंट सीनियर सिटीज़न एसोसिएशन**

**आप सभी ने मानव मंदिर फाउन्डेशन के साथ जुड़कर सहयोग दिया इसके लिए आप सभी का धन्यवाद। – मानव मंदिर फाउन्डेशन**

# मानव मंदिर फाउन्डेशन द्वारा आयोजित

## पारमार्थिक गतिविधियों की एक झलक



संस्था द्वारा एम.वाय हॉस्पिटल में डायलिसिस मशीन दान की गई एवं वॉर्ड नवीनीकरण किया



संस्था द्वारा एम.वाय हॉस्पिटल में बर्न यूनिट का नवीनीकरण किया गया (ए.सी., पलंग, गद्दे, लाईट प्रदान किए गए)



संस्था द्वारा शासकीय स्कूलों में स्पोर्ट्स सामग्री प्रदान की गई



संस्था द्वारा सभी सरकारी प्रा./मा. विद्यालयों में थाली, टाटपट्टी व महात्मा गांधी की फोटो फ्रेम वितरित की गई



संस्था के सहयोग से वृद्धाश्रम का नवीनीकरण किया गया



संस्था द्वारा सभी सरकारी प्रा./मा. विद्यालयों में वाचनालय अलमारी प्रदान की गई



संस्था द्वारा शासकीय बाल आश्रम का पूर्णतः जीर्णोद्धार किया गया



संस्था द्वारा सरकारी मा. विद्यालयों में स्कूल बैंच दी जा रही है